**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**06.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे**

**कैबिनेट**

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज दूसरे दिन भी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शिमला में आयोजित की जा रही है। बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे। मंत्रिमंडल ने कल वन विभाग के वाईल्ड लाईफ विंग को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने को मंजूरी दे दी है। इस दौरान राज्य के सभी रैवेन्यू कोर्ट को ऑनलाईन करने को भी मंजूरी दी गई। इससे लोग घर बैठे ही अपने मुकद्दमे की जानकारी ले सकेंगे। संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि मंत्रिमंडल ने अनुबंध पर भर्तियों को खत्म कर अब 2 साल के लिए ट्रेनी के तौर पर नियुक्तियां देने का भी निर्णय लिया है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला

*मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज दूसरे दिन भी लगातार कैबिनेट की बैठक सचिवालय में आयोजित होगी, जिसमें कई अहम निर्णय होंगे। सरकार कर्मचारियों की सेवानिवृति की उम्र को एक साल बढ़ाने को लेकर फैसला ले सकती है। इसके अलावा सेवानिवृति के बाद कर्मचारियों को मिलने वाली 40 फीसदी कम्यूटेशन को लेकर भी आज कैबिनेट में फैसला हो सकता है। वहीं कॉलेजों में नई शैक्षणिक सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत स्नातक डिग्री कोर्स में फिर से समैस्टर सिस्टम लागू करने पर भी सरकार अपना फैसला ले सकती है। बीते कल हुई कैबिनेट की बैठक में विभिन्न विभागों में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के अंशकालिक कर्मचारियों को दैनिक भोगी कर्मचारियों में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा वन विभाग के वाइल्ड लाइफ विंग को शिमला से धर्मशाला शिफ्ट करने को लेकर भी कैबिनेट ने अपनी सहमति दी। साथ ही सरकार ने अनुबंध को खत्म कर ट्रेनी के तौर पर अब कर्मचारियों को दो साल की नियुक्ति देने का निर्णय लिया है जिसके बाद वह नियमित होंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से योगराज शर्मा।*

**गृह मंत्रालय–नागरिक सुरक्षा**

गृह मंत्रालय ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से सुरक्षा तैयारियों के मूल्यांकन के लिए कल 7 मई को मॉक ड्रिल करवाने को कहा है। देश के 2 सौ 44 वर्गीकृत जिलों में ग्राम स्तर तक यह सुरक्षा अभ्यास कराने का फैसला लिया गया है। केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन आज राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ इस बारे में वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक करेंगे। सुरक्षा अभ्यास का मुख्य उद्देश्य विभिन्न नागरिक सुरक्षा उपायों की संचालनगत प्रभावकारिता और समन्वय क्षमता का आकलन और परीक्षण करना है।

**बटालियन –मांग**

पहलगाम में हुई आतंकी हमले के बाद जम्मू के साथ लगते चम्बा बॉर्डर पर बटालियन स्थापित करने की मांग एक बार फिर उठने लगी है। विधायक हंस राज ने कहा कि भाजपा ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। उन्होंने कहा कि खुफ़िया एजेंसीयों कि ये रिपोर्ट है कि जो पहलगाम में आतंकी घटना हुई है तो ऐसे में आतंकी चंबा के साथ लगते जम्मू बॉर्डर की तरफ पलायन कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि हालांकि बॉर्डर पर एस पी ओ की तैनाती की गई है लेकिन यहां स्थाई बटालियन होना बहुत जरुरी है। इस मांग को उन्होंने केंद्र सरकार के समक्ष भी उठाया है और उन्हें उम्मीद है कि इस दिशा में जल्द कोई आवश्यक कारवाई होगी।

वहीं इस मामले पर लोकसभा सांसद राजीव भारद्वाज ने कहा कि ये बहुत गंभीर मामला है और इस बारे में केंद्रीय गृह मंत्री से बात की जाएगी। उन्होंने स्थानीय विधायकों से भी प्रदेश सरकार से इस विषय में बात करने का आग्रह किया।

**मुख्यमंत्री–दौरा**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कल 7 मई को कुल्लू के बंजार विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेगें। कुल्लू उपायुक्त तोरुल एस. राविश ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान मुख्यमंत्री करोड़ों रूपये की विभिन्न विकास योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री शरची में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में शिरकत कर लोगों से रूबरू होंगे और जनसमायाओं को सुनेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री ग्रेट हिमालय नेचर पार्क देहुरी में विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इस अवसर पर शरची में निशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप और शरची में विशेष ग्राम सभा का आयोजन भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के प्रवास को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर हैं और सभी विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। नमस्कार।**